प्रा८५

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना- 800001

फोन- 0612-2231563, वेबसाईट : https://bsea.bihar.gov.in, Email-bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 30/12/2025

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-20/2024 3319 चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित/ विघटित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. **उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न अनुलग्नक-1 में अंकित 295 प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है, जो अवक्रमित हैं अथवा जिनका निर्वाचन देय है या जिनके पद रिक्त हैं।**

3. अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा **कंडिका-4** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार अनुलग्नक-1 में अंकित प्राथमिक कृषि साख समितियों के निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 06.02.2026 (शुक्रवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु मतदाता सूची तैयार करने के लिए प्राधिकार के **पत्रांक 3133 दिनांक 04.12.2025**, **पत्रांक 3157 दिनांक 09.12.2025** एवं **पत्रांक 3166 दिनांक 09.12.2025** द्वारा कट-ऑफ **तिथि 30.11.2025** निर्धारित की गयी है, जिसके अनुसार मतदाता सूची का **अंतिम प्रकाशन दिनांक 26.12.2025** को हो चुका है।

4. **उपर्युक्त के आलोक में अनुलग्नक-1 में अंकित प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स)** के निर्वाचन हेतु निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई०1 में सूचना का प्रकाशन | 05.01.2026 (सोमवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 21.01.2026 (बुधवार) एवं 22.01.2026 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 24.01.2026 (शनिवार) एवं 27.01.2026 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 29.01.2026 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 06.02.2026 (शुक्रवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 06.02.2026 (शुक्रवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vii) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 09.02.2026 (सोमवार) |

5. बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण का प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छः पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति की प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद रिक्त रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अनधिक पद उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद रिक्त रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष पद बच जाते हैं, उन पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन पदों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेंगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद रिक्त रहेंगे।

6. सभी संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए मानक **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना निर्धारित तिथि को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन कार्यक्रम का मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका (20 सितम्बर, 2024 तक संशोधित) के अध्याय-3 की कंडिका-(1) से (5) में वर्णित निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। **मतदान का समय 7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक होगा**। प्राधिकार का निर्देश है कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त प्रतिवेदन पर प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा मतदान की **<u>अवधि 7:00</u>**

**बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक** निर्धारित की जा सकती है। इस मतदान की अवधि का उल्लेख अपरिहार्य रूप से उक्त तिथियों को प्रकाशित की जाने वाली सूचना (प्रपत्र-ई० 1) में किया जायेगा।

7. जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) के विवेक पर छोड़ा जाता है कि मतगणना यथास्थिति मतदान के पश्चात् उसी दिन अथवा अगले दिन को सुबह 08:00 बजे से शुरू की जाय। यदि मतगणना मतदान के दिन ही होती है तो कोई वज्रगृह बनाने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु यदि दूसरे दिन मतगणना करायी जाती है तो वज्रगृह की स्थापना की जायेगी तथा वज्रगृह में मतदत्त पेटियों को रखने, वज्रगृह को सील करने तथा दूसरे दिन वज्रगृह को खोलकर मतपेटियों को मतगणना केन्द्र पर ले जाने के समय की सूचना अनिवार्य रूप से सभी अभ्यर्थियों को लिखित रूप में निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी जायेगी। **अनुलग्नक-2 पर संलग्न प्रपत्र-ई 1** में मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र का स्पष्ट उल्लेख किया जायगा। सभी प्रपत्रों "ई" (यथा-ई 1, ई 2 इत्यादि) में संशोधन किया गया है। अत: सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु "निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका (20 सितम्बर, 2024 तक संशोधित)" में उल्लिखित प्रपत्रों का ही उपयोग किया जायेगा। उक्त प्रपत्र प्राधिकार के वेबसाईट https://bsea.bihar.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

8. मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के दृष्टिकोण से वज्रगृह को सील करने, खोलने, सीलबंद मतपत्र की मतपेटिका को खोलने आदि महत्पूर्ण घटनाओं की यथासंभव विडियोग्राफी भी करायी जायेगी।

9. **निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कतिपय प्रविष्टियों के साथ अभिलेखों को भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड किया जाना है। इसके संबंध में संलग्न परिशिष्ट-1 में निर्देश दिये गये हैं।**

10. **निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् प्रपत्र- ई०18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) और निर्वाचन पदाधिकारी के नाम, हस्ताक्षर, तिथि एवं मुहर युक्त अंतिम मतदाता सूची (जिसपर निर्वाचन संपन्न हुआ हो) की मूल प्रति स्कैन कराकर प्राधिकार के वेबसाइट पर परिशिष्ट-1 के निर्देशों के अनुरूप अपलोड करायेंगे। अंतिम मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर अनिवार्य है।**

11. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश "सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका" के पृष्ठ 134-142 पर देखे जा सकते हैं।

**अनुलग्नक: यथोक्त।**

30/12/25

(कयूम अंसारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3319 पटना/ दिनांक 30/12/2025

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

30/12/25

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : 3319 पटना/ दिनांक 30/12/2025

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स०स०)/ संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त से अनुरोध है कि **दिनांक 14.01.2026** तक कृपया अपने स्तर से पर्यवेक्षक (Observer) की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। पर्यवेक्षक की नियुक्ति के संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 1863 दिनांक 17.10.2024 द्वारा निर्देश निर्गत है।

3. संबंधित जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियाँ अपने स्तर से भी ससमय संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

30/12/25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3319 पटना/ दिनांक 30/12/2025

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ महानिदेशक, होम गार्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि–व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

30/12/25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3319 पटना/ दिनांक 30/12/2025

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/12/25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3319 पटना/ दिनांक 30/12/2025

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा–2 (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूम बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. श्री वेद प्रकाश, आईटी प्रोफेशनल को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेबसाईट पर की जानेवाली विभिन्न प्रविष्टियों को ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे।

30/12/25

संयुक्त सचिव।

# निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ऑनलाईन प्रविष्टि एवं अभिलेख अपलोड करने से संबंधित निर्देश।

1. **निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार के वेबसाईट- http//bsea.bihar.gov.in पर ऑनलाईन के माध्यम से विभिन्न अवधियों में ससमय निम्न सूचनाओं को प्रविष्ट किया जाना अनिवार्य है-**

| क्र० | सूचना प्रविष्टि का समय | प्रविष्ट/ अपलोड की जाने वाली सूचना |
|---|---|---|
| i. | सूचना के प्रकाशन की तिथि को अपराह्न के पूर्व | प्रपत्र- ई० 1 में सूचना का प्रकाशन किया गया अथवा नहीं (हॉं अथवा नहीं में), की सूचना को प्रविष्ट करना है। **साथ ही प्रपत्र- ई० 1 को उपलोड भी करना है।** |
| ii. | अभ्यर्थिता वापसी की तिथि के तुरंत पश्चात् | निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित को प्रविष्ट करना है। |
| iii. | मतदान के दिन विभिन्न अवधियों में | मतदाताओं द्वारा दिये गये मतों की संख्या (मतदान प्रतिशत की गणना सर्वर द्वारा स्वत: ही कर लिया जायेगा) को प्रविष्ट करना है। |

2. प्रपत्र ई०-1 में सूचना के प्रकाशन की प्रविष्टि प्राधिकार के वेबसाईट पर निर्धारित समय पर नहीं किये जाने की स्थिति में प्राधिकार उक्त समिति का निर्वाचन स्थगित कर देगा। अभ्यर्थिता वापसी की तिथि के तुरंत पश्चात् निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या की प्रविष्टि नहीं किये जाने की स्थिति में भी उक्त कार्य के लिए निर्धारित तिथि के तीन दिनों के पश्चात् संबंधित समिति का चुनाव प्राधिकार द्वारा स्थगित कर दिया जायेगा। यदि उक्त ऑनलाईन सूचनाओं के अभाव में संबंधित समिति का चुनाव स्थगित किये जाने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसके लिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी जवाबदेह होंगे और इसके लिए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा उनके प्रशासी विभाग से की जायगी।

3. **निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् निम्नांकित अभिलेखों को प्राधिकार के वेबसाईट पर निर्धारित समय सीमा में अपलोड किया जाना है-**

| क्र० | अभिलेख अपलोड का समय | अपलोड किये जाने वाले अभिलेख |
|---|---|---|
| i. | निर्वाचन परिणाम के अगले दिन तक | सविरोध/ निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूची (प्रपत्र- ई0 18)। |
| ii. | मतगणना के एक सप्ताह के अंदर | पब्लिक डोमेन में सुरक्षित रखने हेतु निर्वाचन पदाधिकारी के नाम हस्ताक्षर, तिथि एवं मुहर युक्त अंतिम मतदाता सूची (जिसपर निर्वाचन संपन्न हुआ हो) की मूल प्रति को स्कैन कर [Scan Resolution-Maximum 200 to 300 dpi (पठनीय), Color Mode- Black & White |

| | | |
|---|---|---|
| | | (रंगीन अथवा ग्रे रंग में स्कैन नहीं करना है), Scan File Mode-Pdf, File size-Maximum 20 MB (यदि मोबाइल फोन से स्कैन किया जाता है, तो यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक पैक्स के लिए स्कैन फाईल साईज 20 MB से ज्या न हो)] कर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करना है। |

**प्रपत्र- ई० 18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) एवं अंतिम मतदाता सूची अत्यंत महत्वपूर्ण अभिलेख हैं। अतएव निर्वाचन पदाधिकारी की यह जिम्मेवारी है कि वे अपने निगरानी में उक्त दोनों अभिलेखों को प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायें। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को जिम्मेवार माना जायेगा।** वेबसाईट पर प्रविष्टि अथवा अभिलेख को अपलोड करने के संदर्भ में किसी प्रकार की परेशानी होने पर प्राधिकार के पत्रांक 530 दिनांक 03.03.2021 में दिये गये निर्देशों का अनुसरण किया जा सकता है। इसके अलावे निम्नांकित नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है-

1. श्री वेद प्रकाश - 7543014562
2. श्री अमित अमन- 9507066220

–o–

# निर्वाचन हेतु पैक्सों की सूची।

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खगडिया | खगड़िया | उत्तर मरर पैक्स | |
| 2 | खगडिया | खगड़िया | भदास उत्तरी पैक्स | |
| 3 | खगडिया | खगड़िया | रहिमपुर (मध्य) पैक्स | |
| 4 | खगडिया | खगड़िया | रानी सकरपुरा पैक्स | |
| 5 | खगडिया | खगड़िया | खगड़िया नगर परिषद पैक्स लि०-०1 ( कोठिया पैक्स ) | |
| 6 | खगडिया | गोगरी | देवठा पैक्स | |
| 7 | खगडिया | चौथम | पिपरा पैक्स | |
| 8 | खगडिया | चौथम | बुच्चा पैक्स | |
| 9 | खगडिया | बेलदौर | चोढली पैक्स | |
| 10 | खगडिया | बेलदौर | बेलदौर नगर पंचायत पैक्स ( बेलदौर पैक्स ) | |
| 11 | खगडिया | बेलदौर | डुमरी पनसलवा पैक्स | |
| 12 | खगडिया | बेलदौर | कजरी पैक्स | |
| 13 | खगड़िया | गोगरी | शेरचकला पैक्स | |
| 14 | खगड़िया | गोगरी | सम्मसपुर पैक्स | |
| 15 | खगडिया | बेलदौर | दाढ़ी पैक्स | |
| 16 | दरभंगा | अलीनगर | मोतीपुर पैक्स | |
| 17 | दरभंगा | कुशेश्वरस्थान | चिंगरी सिमराहा पैक्स | |
| 18 | दरभंगा | केवटी | ननौरा पैक्स | |
| 19 | दरभंगा | दरभंगा | कबीर चक पैक्स | |
| 20 | दरभंगा | दरभंगा | धोई पैक्स | |
| 21 | दरभंगा | दरभंगा | घोरघट्टा पैक्स | |
| 22 | दरभंगा | बहेड़ी | अटहर उत्तरी पैक्स | |
| 23 | दरभंगा | बहेड़ी | गजरौली रमौली पैक्स | |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 24 | दरभंगा | बहेड़ी | चकवा भरवारी पैक्स | |
| 25 | दरभंगा | बहेड़ी | समधपुरा पैक्स | |
| 26 | दरभंगा | बहेड़ी | हथौड़ी दक्षणी पैक्स | |
| 27 | दरभंगा | बहेड़ी | हावीडीह उत्तरी पैक्स | |
| 28 | दरभंगा | बेनीपुर | बहेड़ा (नगर परिषद ) | |
| 29 | दरभंगा | बेनीपुर | हरिपुर पैक्स | |
| 30 | दरभंगा | सिंहवाड़ा | रामपुरा पैक्स | |
| 31 | दरभंगा | सिंहवाड़ा | निस्ता पैक्स | |
| 32 | दरभंगा | सिंहवाड़ा | भराठी पैक्स | |
| 33 | दरभंगा | हायाघाट | घोषरामा पैक्स | |
| 34 | दरभंगा | हायाघाट | रसूलपुर पैक्स | |
| 35 | दरभंगा | हायाघाट | सिरनिया पूर्वी पैक्स | |
| 36 | दरभंगा | हायाघाट | सिरनीया पश्चिमी पैक्स | |
| 37 | दरभंगा | बिरौल | डुमरी पैक्स | |
| 38 | दरभंगा | बेनीपुर | रमौली पैक्स | |
| 39 | दरभंगा | केवटी | कोयलास्थान पैक्स | |
| 40 | दरभंगा | बेनीपुर | नवादा पैक्स | |
| 41 | दरभंगा | दरभंगा | खरूआ पैक्स | |
| 42 | दरभंगा | बेनीपुर | बसुहाम पैक्स | |
| 43 | दरभंगा | बेनीपुर | मकरमपुर पैक्स | |
| 44 | दरभंगा | बेनीपुर | मझौडा पैक्स | |
| 45 | दरभंगा | घनश्यामपुर | घनश्यामपुर पैक्स | |
| 46 | दरभंगा | हायाघाट | मलहीपट्टी उतरी पैक्स | |
| 47 | दरभंगा | केवटी | जलवारा पैक्स | |
| 48 | दरभंगा | केवटी | लदारी पैक्स | |
| 49 | दरभंगा | केवटी | लहवार पैक्स | |
| 50 | दरभंगा | केवटी | सरजापुर पैक्स | |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 51 | दरभंगा | बहादुरपुर | प्रेमजीवर पैक्स | |
| 52 | दरभंगा | किरतपुर | कुबौल धंगा पैक्स | |
| 53 | दरभंगा | जाले | कतरौल बसंत पैक्स | |
| 54 | दरभंगा | जाले | कमतौल पैक्स | |
| 55 | दरभंगा | जाले | करवा तरियानी पैक्स | |
| 56 | दरभंगा | जाले | मुरैठा पैक्स | |
| 57 | दरभंगा | जाले | राधी पूर्वी पैक्स | |
| 58 | दरभंगा | बिरौल | बैरमपुर पैक्स | |
| 59 | दरभंगा | घनश्यामपुर | पोहदी बेला पैक्स | |
| 60 | दरभंगा | घनश्यामपुर | ब्रह्मपुर मसवासी पैक्स | |
| 61 | दरभंगा | मनीगाछी | कमता बहुअरवा पैक्स | |
| 62 | दरभंगा | जाले | बधौली पैक्स | |
| 63 | दरभंगा | जाले | राधी पश्चिमी | |
| 64 | दरभंगा | बिरौल | मनोर भौराम पैक्स | |
| 65 | दरभंगा | हायाघाट | आनदपुर सहोरा पैक्स | |
| 66 | दरभंगा | हायाघाट | पौराम पैक्स | |
| 67 | दरभंगा | हायाघाट | सिधौली पैक्स | |
| 68 | दरभंगा | मनीगाछी | राघोपुर उत्तरी पैक्स | |
| 69 | मुंगेर | जमालपुर | इंदरुख पश्चिमी पैक्स | |
| 70 | मुंगेर | जमालपुर | सिंघिया पैक्स | |
| 71 | मुंगेर | टेटिया बम्बर | बनहरा पैक्स | |
| 72 | मुंगेर | तारापुर | लौना पैक्स | |
| 73 | मुंगेर | धरहरा | औड़ाबगीचा पैक्स | |
| 74 | मुंगेर | धरहरा | टेटरॉन बंगलवा पैक्स | |
| 75 | मुंगेर | धरहरा | सरोबाग पैक्स | |
| 76 | मुंगेर | धरहरा | हुसैनपुर घटवारी पैक्स | |
| 77 | मुंगेर | बरियारपुर | चिरैयाबाद रतनपुर पैक्स | |
| 78 | मुंगेर | बरियारपुर | बिन्दा दियारा झौआ बहिआर पैक्स | |
| 79 | मुंगेर | हवेली खड़गपुर | गोबद्डा पैक्स | |
| 80 | मुंगेर | हवेली खड़गपुर | दरियापुर 2 पैक्स | |
| 81 | मुंगेर | हवेली खड़गपुर | रतैठा पैक्स | |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 82 | मुंगेर | संग्रामपुर | चंन्दूकी दुरमटटा पैक्स | |
| 83 | मुंगेर | संग्रामपुर | दीदारगंज पैक्स | |
| 84 | मुंगेर | संग्रामपुर | बालियाँ पैक्स | |
| 85 | मुंगरे | धरहरा | धरहरा महराना पैक्स | |
| 86 | मुंगेर | मुंगेर सदर | श्रीमतपुर पैक्स | |
| 87 | मुंगेर | बरियारपुर | निरपुर पैक्स | |
| 88 | मुंगेर | मुंगेर सदर | कुतलुपुर दियारा पैक्स | |
| 89 | मुंगेर | बरियारपुर | करहरिया पश्चिम पैक्स | |
| 90 | मुंगेर | टेटिया बम्बर | गौरवडीह पैक्स | |
| 91 | जमुई | खैरा | भीम मायान पैक्स | |
| 92 | जमुई | लक्ष्मीपुर | चिबेरिया पैक्स | |
| 93 | जमुई | इस्लामनगर अलीगंज | बाला पुरसण्डा पैक्स | |
| 94 | जमुई | इस्लामनगर अलीगंज | मिर्जागंज पैक्स | |
| 95 | जमुई | खैरा | जीत जितझिंगोई पैक्स | |
| 96 | जमुई | खैरा | बिसनपुर पैक्स | |
| 97 | जमुई | खैरा | हरनी पैक्स | |
| 98 | जमुई | गिद्धौर | कोल्हुआ पैक्स | |
| 99 | जमुई | गिद्धौर | गुगुलडीह पूर्वी पैक्स | |
| 100 | जमुई | जमुई | अगहारा पैक्स | |
| 101 | जमुई | जमुई | ककन पैक्स | |
| 102 | जमुई | जमुई | लखनपुर पैक्स | |
| 103 | जमुई | झाझा | करमा पैक्स | |
| 104 | जमुई | झाझा | बैजला पैक्स | |
| 105 | जमुई | झाझा | बराकोला पैक्स | |
| 106 | जमुई | झाझा | बराजोर पैक्स | |
| 107 | जमुई | झाझा | बलियाडीह पैक्स | |
| 108 | जमुई | झाझा | बोड़वा पैक्स | |
| 109 | जमुई | झाझा | महापुर पैक्स | |

| क्र | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 110 | जमुई | झाझा | हथिया पैक्स | |
| 111 | जमुई | बरहट | गूगलडीह पैक्स | |
| 112 | जमुई | बरहट | डाढ़ा पैक्स | |
| 113 | जमुई | बरहट | पारो पैक्स | |
| 114 | जमुई | लक्ष्मीपुर | आनन्दपुर पैक्स | |
| 115 | जमुई | लक्ष्मीपुर | काला पैक्स | |
| 116 | जमुई | सिकन्दरा | मिर्चापाठकचक पैक्स | |
| 117 | जमुई | सोनो | छुछुनरिया पैक्स | |
| 118 | जमुई | सोनो | थम्हन पैक्स | |
| 119 | जमुई | सोनो | दहयारी पैक्स | |
| 120 | जमुई | सोनो | बलथर पैक्स | |
| 121 | जमुई | सोनो | बाबूडीह पैक्स | |
| 122 | जमुई | सोनो | महेश्वरी पैक्स | |
| 123 | जमुई | सोनो | रजौन पैक्स | |
| 124 | जमुई | सोनो | ललिलेवार पैक्स | |
| 125 | जमुई | चकाई | कल्याणपुर पैक्स | |
| 126 | जमुई | चकाई | घुटवे पैक्स | |
| 127 | जमुई | चकाई | चोफला पैक्स | |
| 128 | जमुई | चकाई | बरमोरिया पैक्स | |
| 129 | जमुई | चकाई | बामदह पैक्स | |
| 130 | जमुई | चकाई | बोगी पैक्स | |
| 131 | जमुई | चकाई | रामचन्द्रडीह पैक्स | |
| 132 | जमुई | चकाई | सरौन पैक्स | |
| 133 | जमुई | गिद्धौर | कुन्धुर पैक्स | |
| 134 | जमुई | झाझा | करहरा पैक्स | |
| 135 | जमुई | जमुई | डुन्डोनारवाड़ा पैक्स | |
| 136 | जमुई | सोनो | लखनकियारी पैक्स | |
| 137 | सीतामढ़ी | डुमरा | भासर मछहा दक्षिणी पैक्स | |
| 138 | सीतामढ़ी | डुमरा | मेथौरा पैक्स | |
| 139 | सीतामढ़ी | बेलसण्ड | कंसार पैक्स | |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 140 | सीतामढ़ी | बेलसण्ड | डुमरा नुनौरा पैक्स | |
| 141 | सीतामढ़ी | रीगा | सिरौली प्रथम पैक्स | |
| 142 | सीतामढ़ी | डुमरा | सीतामढ़ी नगर निगम पुनौरा पूर्वी पैक्स | |
| 143 | सीतामढ़ी | परसौनी | कठौरा पैक्स | |
| 144 | सीतामढ़ी | रून्नीसैदपुर | मानिक चौक दक्षिणी पैक्स | |
| 145 | सीतामढ़ी | सोनबरसा | बगहा पैक्स | |
| 146 | सीतामढ़ी | रुन्नीसैदपुर | कौड़िया लालपुर पैक्स | |
| 147 | सीतामढ़ी | रुन्नीसैदपुर | देवना बुजुर्ग पैक्स | |
| 148 | सीतामढ़ी | रुन्नीसैदपुर | मोरसण्ड पैक्स | |
| 149 | सीतामढ़ी | रीगा | मेहसिया पैक्स | |
| 150 | सीतामढ़ी | रीगा | सिराही पैक्स | |
| 151 | सीतामढ़ी | रुन्नीसैदपुर | ओलीपुर सरहचिया पैक्स | |
| 152 | सीतामढ़ी | पुपरी | नारायणपुर पैक्स | |
| 153 | सीतामढ़ी | पुपरी | बाजीतपुर बौरा पैक्स | |
| 154 | सीतामढ़ी | सुप्पी | धरवारा पैक्स | |
| 155 | सीतामढ़ी | परिहार | लहुरिया पैक्स | |
| 156 | सीतामढ़ी | पुपरी | पुपरी पैक्स | |
| 157 | भागलपुर | खरीक | गोटखरीक पैक्स | |
| 158 | भागलपुर | नवगछिया | खगरा पैक्स | |
| 159 | भागलपुर | पीरपैंती | खवासपुर पैक्स | |
| 160 | भागलपुर | बिहपुर | अमरपुर पैक्स | |
| 161 | भागलपुर | शाहकुंड | बासुदेवपुर पैक्स | |
| 162 | भागलपुर | सुलतानगज | आवारतनपुर पैक्स | |
| 163 | भागलपुर | कहलगांव | प्रसस्डीह पैक्स | |
| 164 | भागलपुर | खरीक | कालूचक बिसवपुरिया पैक्स | |
| 165 | भागलपुर | नारायणपुर | नगरपारा उत्तर पैक्स | |
| 166 | भागलपुर | नारायणपुर | रायपुर भवानीपुर पैक्स | |
| 167 | भागलपुर | नारायणपुर | सिंहपुर (पुरब) पैक्स | |
| 168 | भागलपुर | सुलतानगंज | तिलकपुर पैक्स | |
| 169 | अरवल | अरवल | मखदुमपुर कवीर पैक्स | |
| 170 | अरवल | अरवल | मुरादपुर हुजरा पैक्स | |
| 171 | अरवल | कुथो | इब्राहिमपुर पैक्स | |
| 172 | अरवल | करपी | मुरारी पैक्स | |
| 173 | अरवल | कलेर | उसरी पैक्स | |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 174 | अरवल | सोनभद्र वंशी सूर्यपुर | बेलौरा पैक्स | |
| 175 | अरवल | अरवल | परासी पैक्स | |
| 176 | बाका | चादन | चादवारी पैक्स | |
| 177 | बाका | चादन | बिरनीया पैक्स | |
| 178 | बाका | अमरपुर | पवई पैक्स | |
| 179 | बाका | अमरपुर | बैजुडीह पैक्स | |
| 180 | बाका | अमरपुर | भदरिया पैक्स | |
| 181 | बाका | अमरपुर | महादेवपुर पैक्स | |
| 182 | बाका | अमरपुर | सुल्तानपुर पैक्स | |
| 183 | बाका | कटोरिया | मनिया पैक्स | |
| 184 | बाका | शभुगज | पड़रिया पैक्स | |
| 185 | बाका | शभुगज | बिरनौधा पैक्स | |
| 186 | सुपौल | छातापुर | बलुआ पैक्स | |
| 187 | सुपौल | किशनपुर | करहिया पैक्स | |
| 188 | सुपौल | किशनपुर | तुलापट्टी पैक्स | |
| 189 | सुपौल | किशनपुर | नौआवाखर पैक्स | |
| 190 | सुपौल | छातापुर | भीमपुर पैक्स | |
| 191 | सुपौल | छातापुर | मोहम्मदगंज पैक्स | |
| 192 | सुपौल | छातापुर | राजेश्वरी पूर्वी पैक्स | |
| 193 | सुपौल | छातापुर | सोहटा पैक्स | |
| 194 | सुपौल | सरायगढ़ भपटियाही | चाँदपीपर पैक्स | |
| 195 | सुपौल | पिपरा | रतौली पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>अध्यक्ष पद (अनारक्षित)- 01 (पुरूष/महिला) |
| 196 | सुपौल | त्रिवेणीगंज | कुशहा पैक्स | |
| 197 | सुपौल | त्रिवेणीगंज | पथरा गोर्धय पैक्स | |
| 198 | सुपौल | निर्मली | डगमारा पैक्स | |
| 199 | सुपौल | बसंतपुर | बनैलीपट्टी पैक्स | |
| 200 | सारण | बनियापुर | कराह प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड बनियापुर | |
| 201 | सारण | बनियापुर | धंगरहा पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>अध्यक्ष पद (अनारक्षित)- 01 (पुरूष/महिला) |
| 202 | सारण | बनियापुर | पैगम्बरपुर पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला) |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 203 | सारण | बनियापुर | भूसाव प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड, बनियापुर | |
| 204 | सारण | मढ़ौरा | सालिमापुर पैक्स | |
| 205 | सारण | रिविलगंज | दक्षिणवारी चक्की पैक्स | |
| 206 | किशनगंज | टेढ़ागाछ | झाला पैक्स | |
| 207 | किशनगंज | टेढ़ागाछ | दकपोखर पैक्स | |
| 208 | किशनगंज | टेढ़ागाछ | बैगना पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/ महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला) |
| 209 | किशनगंज | ठाकुरगंज | चैतल पैक्स | |
| 210 | किशनगंज | ठाकुरगंज | बेसरबाटी पैक्स | |
| 211 | किशनगंज | ठाकुरगंज | भोलमारा पैक्स | |
| 212 | किशनगंज | ठाकुरगंज | सखोदली पैक्स | |
| 213 | किशनगंज | दिघलबैंक | सिंघीमारी पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>सामान्य वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>सामान्य वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला) |
| 214 | किशनगंज | पोठिया | दामलबारी पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>सामान्य वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>सामान्य वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला) |
| 215 | किशनगंज | बहादुरगंज | चन्दवार्ट मिलिक पैक्स | |
| 216 | किशनगंज | बहादुरगंज | देसीयाटोली पैक्स | |
| 217 | किशनगंज | बहादुरगंज | निसानदरा पैक्स | |

| क्र | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 218 | किशनगंज | बहादुरगंज | भाटाबाड़ी पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>सामान्य वर्ग सदस्य पद- 02 (महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला) |
| 219 | अररिया | नरपतगंज | बसमतिया पैक्स | |
| 220 | अररिया | फारबिसगंज | पोठिया पैक्स | |
| 221 | अररिया | अररिया | तरूणा पैक्स | |
| 222 | अररिया | अररिया | बांस बड़ी पैक्स | |
| 223 | अररिया | अररिया | बौची पैक्स | |
| 224 | अररिया | अररिया | मदनपुर पूरब पैक्स | |
| 225 | अररिया | अररिया | मदनपुर पश्चिमी पैक्स | |
| 226 | अररिया | अररिया | रामपुर कोदरकटी पैक्स | |
| 227 | अररिया | कुर्साकाँटा | लक्ष्मीपुर पैक्स | |
| 228 | अररिया | कुर्साकाँटा | लैलोखर पैक्स | |
| 229 | अररिया | कुर्साकाँटा | शंकरपुर पैक्स | |
| 230 | अररिया | कुर्साकाँटा | सौउरागांव पैक्स | |
| 231 | अररिया | फारबिसगंज | औराही पूरब पैक्स | |
| 232 | अररिया | फारबिसगंज | खैरखा पैक्स | |
| 233 | अररिया | फारबिसगंज | बोकरा पैक्स | |
| 234 | अररिया | फारबिसगंज | मिर्जापुर पैक्स | |
| 235 | अररिया | फारबिसगंज | सहबाजपुर पैक्स | |
| 236 | अररिया | सिकटी | आम गाछी पैक्स | |
| 237 | अररिया | सिकटी | डेढ़ूआ पैक्स | |
| 238 | अररिया | सिकटी | थेनगापुर पीपरा | |
| 239 | अररिया | सिकटी | बोकनटारी पैक्स | |
| 240 | अररिया | अररिया | पैकटोला पैक्स | |
| 241 | अररिया | अररिया | पोखरिया पैक्स | |
| 242 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | बड़वा पैक्स | |
| 243 | औरंगाबाद | कुटुम्बा | बलिया पैक्स | |
| 244 | औरंगाबाद | कुटुम्बा | भरौंधा पैक्स | |
| 245 | औरंगाबाद | कुटुम्बा | सुही पैक्स | |
| 246 | कैमूर (भभुआ ) | चैनपुर | डुमरकोन पैक्स | |
| 247 | कैमूर (भभुआ ) | रामगढ़ | बड़ौरा पैक्स | |
| 248 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | अरेराज | बहादुरपुर पैक्स | |
| 249 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | अरेराज | मंगुरहा पैक्स | |
| 250 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | रक्सौल | पलनवा जगधर पैक्स | |
| 251 | मधुबनी | अंधराठाढ़ी | जलसैन पैक्स | |
| 252 | मधुबनी | खुटौना | कारमेघ उत्तरी पैक्स | |
| 253 | मधुबनी | खुटौना | कारमेघ पश्चिमी पैक्स | |
| 254 | मधुबनी | खुटौना | दुर्गीपट्टी पैक्स | |
| 255 | मधुबनी | खुटौना | बिरपुर पैक्स | |

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 256 | मधुबनी | झंझारपुर | रैयाम पूर्वी पैक्स | |
| 257 | मधुबनी | राजनगर | मंगरौनी उत्तरी पैक्स | |
| 258 | मधुबनी | अंधराठाढ़ी | डुमरा पैक्स | |
| 259 | मधुबनी | झंझारपुर | कोठिया पैक्स | |
| 260 | मधुबनी | मधेपुर | गढ़गांव पैक्स | |
| 261 | मधुबनी | मधेपुर | दवालक पैक्स | |
| 262 | मधुबनी | मधेपुर | पचही पैक्स | |
| 263 | मधुबनी | मधेपुर | परवलपुर पैक्स | |
| 264 | मधुबनी | मधेपुर | बकुआ पैक्स | |
| 265 | मधुबनी | मधेपुर | बाँकी पैक्स | |
| 266 | मधुबनी | मधेपुर | बाथ पैक्स | |
| 267 | मधुबनी | मधेपुर | भखरैन पैक्स | |
| 268 | मधुबनी | मधेपुर | मधेपुर पश्चिमी पैक्स | |
| 269 | मधुबनी | मधेपुर | महिशाम पैक्स | |
| 270 | मधुबनी | मधेपुर | मात्रस पैक्स | |
| 271 | मधुबनी | खजौली | चन्द्रडीह पैक्स | |
| 272 | मधुबनी | खजौली | सराबे पैक्स | |
| 273 | मधुबनी | झंझारपुर | नवानी पैक्स | |
| 274 | मधुबनी | झंझारपुर | लोहना उत्तरी पैक्स | |
| 275 | मधुबनी | मधेपुर | महासिंघ हसौली पैक्स | |
| 276 | मधुबनी | राजनगर | भटसिमर पूर्वी पैक्स | |
| 277 | मधुबनी | लदनियाँ | खोजा पैक्स | |
| 278 | मधेपुरा | बिहारीगंज | पड़रिया पैक्स | रिक्त पदों का निर्वाचन-<br>अध्यक्ष पद (अनारक्षित)- 01 (पुरूष/महिला)<br>सामान्य वर्ग सदस्य पद- 02 (महिला)<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला) |
| 279 | मधेपुरा | आलमनगर | गंगापुर पैक्स | |
| 280 | मधेपुरा | उदाकिशुनगंज | खाड़ा पैक्स | |
| 281 | मधेपुरा | उदाकिशुनगंज | गोपालपुर पैक्स | |
| 282 | मधेपुरा | उदाकिशुनगंज | मंजौरा पैक्स | |
| 283 | मधेपुरा | उदाकिशुनगंज | लश्करी पैक्स | |
| 284 | मधेपुरा | कुमारखंड | परमानंदपुर पैक्स | |
| 285 | मधेपुरा | ग्वालपाड़ा | ग्वालपारा पैक्स | |
| 286 | मधेपुरा | चौसा | चौसा पश्चिमी पैक्स | |
| 287 | मधेपुरा | पुरैनी | नरदह पैक्स | |
| 288 | मधेपुरा | बिहारीगंज | हथिऔंधा पैक्स | |
| 289 | मधेपुरा | मधेपुरा | मधुबन पैक्स | |
| 290 | मधेपुरा | शंकरपुर | मौरा कबियाही पैक्स | |
| 291 | मधेपुरा | सिहेश्वर | पटोरी पैक्स | |
| 292 | मधेपुरा | कुमारखंड | टेंगराहा परिहारी पैक्स | |
| 293 | मधेपुरा | शंकरपुर | सोनबर्षा पैक्स | |

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 294 | मधेपुरा | उदाकिशुनगंज | लक्ष्मीपुर नगर परषिद पैक्स | |
| 295 | कटिहार | बलरामपुर | भिमियाल पैक्स | |

अनुलग्नक-2

**....................................समिति का निर्वाचन**

## प्रपत्र-ई 1

## सूचना का प्रपत्र

जिला ..................., प्रखंड .................... के अन्तर्गत ............................................................. (समिति का नाम) के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध समिति के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक ............................को किया जाना है, मैं.......................................................निर्वाचन पदाधिकारी एतद द्वारा निम्नलिखित आम सूचना देता हूँ :-

(निर्वाचन पदाधिकारी का नाम)

आम सूचना

(i) निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की संख्या .............. है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है -

| पद | निर्वाचित किये जाने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या | आरक्षित कोटि ( यदि लागू हो ) |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3 |
| | | |

(ii) एकल पद, जैसे- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव इत्यादि, परंतु अन्य पदों पर निबंधक, सहयोग समितियों के पत्रांक 4992 दिनांक 01.11.2013 एवं पत्रांक 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुरूप आरक्षण लागू किए जाएँगे।

(iii) अध्यक्ष/ सचिव के पद को छोड़कर आरक्षित एवं अनारक्षित सभी कोटियों में अलग-अलग पदों की कुल संख्या के 50% के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50% से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं पद सम्बन्धित कोटि की महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। किसी कोटि में महिला सदस्य नहीं रहने की स्थिति में ये पद रिक्त रहेंगे।

(iv) नामांकन पत्र अधोहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय .............................................................. (स्थान का नाम) अथवा अपरिहार्य कारणों से उसे प्राप्त नहीं कर सकने की स्थिति में ........................................................ ..............(उप निर्वाचन पदाधिकारी का नाम) को ..........................................................(स्थान का नाम) पर दाखिल किया जा सकता है। नामांकन पत्र दिनांक ........................................ (नामांकन पत्र दाखिला की तिथि) 11 बजे पूर्वाह् से 3 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

(v) नामांकन पत्र का प्रपत्र उपरोक्त पदाधिकारियों के कार्यालय से दिनांक ............................से दिनांक.................... ................तक ..............................बजे से ............................ बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

(vi) नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक ............................को ............................................................................ (स्थान का नाम) पर 11 बजे पूर्वाह्न में प्रारंभ होगी एवं लगातार चलती रहेगी।

(vii) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक ..............................को अपराह्न ................ बजे के पूर्व तक ............ ..........................................................................................................(स्थान का नाम) पर दाखिल की जा सकती है।

*(viii) प्रपत्र-ई 6 तथा प्रपत्र-ई 7 जारी किये जाने के पश्चात् विधिमान्य अभ्यर्थियों को प्रतीक आवंटन किया जायेगा ।

(ix) सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान दिनांक .................................... को निम्नांकित मतदान केन्द्र/ केन्द्रों पर 07 बजे पूर्वाह्न से 4:30/ 3:00 बजे अपराह्न तक होगा :-

| मतदान केन्द्र संख्या | मतदान केन्द्र का नाम/ पता |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |

(x) मतगणना दिनांक ......................को ................बजे से ................................................................................... (स्थान का नाम) में की जायेगी। सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को मतगणना केन्द्र के स्थान की सूचना ससमय उपलब्ध करा दी जाएगी।

स्थान-

तिथि - निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर

---

* जो लागू न हों, उसे काट दें।

प्रतिलिपिः- संबंधित जिला पदाधिकारी/ उप विकास आयुक्त/ जिला सहकारिता पदाधिकारी (क्षेत्रीय निबंधन पदाधिकारी)/ स्थानीय थाना प्रभारी/ स्थानीय सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/ स्थानीय जिला सहकारी बैंक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सूचनार्थ प्रेषित। प्राधिकार के वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाए।

निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर

प्रतिलिपिः- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) के कार्यालय को निदेश दिया जाता है कि प्रपत्र ई-1 को विहित स्थलों पर प्रकाशित करायें और फोटो भी खींचकर संचिका में रखें।

निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर